दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

आज शाम 4 बजे बीएमसी आएगी स्वस्थ भारत यात्रा, बुंदेली परंपरा से होगा साइकिल सवारों का स्वागत

स्वस्थ भारत यात्रा सोमवार को सुबह 8 बजे बेगमगंज से रवाना होकर शाम 4 बजे सागर पहुंचेगी। जहां बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज...

Dainik Bhaskar
Dec 24, 2018, 04:46 AM IST

स्वस्थ भारत यात्रा सोमवार को सुबह 8 बजे बेगमगंज से रवाना होकर शाम 4 बजे सागर पहुंचेगी। जहां बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में यात्रा का स्वागत किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हो रहे इस आयोजन के मुख्य अतिथि संभागायुक्त मनोहर दुबे होंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन डॉ. जीएस पटेल और सीएमएचओ डॉ. इंद्राज सिंह मौजूद रहेंगे। बीएमसी में दोपहर 2 बजे से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं स्वागत समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कठपुतली का खेल, समूह गान, जुम्बा डांस आदि आयोजन होंगे। यात्रा के साइकिल सवारों का पारंपरिक बुंदेली परंपरा से स्वागत किया जाएगा। वहीं रविवार को स्वस्थ भारत यात्रा के तहत एक्सीलेंस स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें स्टूडेंट्स ने स्वस्थ भारत की परिकल्पनाएं कागजों पर उकेरी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश अहिरवाल, पंकज श्रीवास्तव, राजेश राय, रूपराम सनोडिया आदि मौजूद थे।

एक दिन पहले एक्सीलेंस स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता हुई